यह जानकारी अपने परिवार के साथ

साझा करें

<u>स्वागत है!</u>

अब, जबकि मैं यू.एस. में हूँ, तो मेरे आप्रवासन संबंधी मुकदमे का क्या होगा?

आपको **दो भिन्न** प्रक्रियाओं का अनुसरण करना होगा

- आपकी <u>ICE</u> (आप्रवासन और सीमा शुल्क प्रवर्तन) **संबंधी जाँच**
- <u>आप्रवासन न्यायालय</u> में आपकी **पेशियाँ (सुनवाइयाँ)**

1. अपनी <u>सभी</u> ICE (आप्रवासन और सीमा शुल्क प्रवर्तन) संबंधी जाँचों पर जाएँ

ये जाँच ICE (आप्रवासन और सीमा शुल्क प्रवर्तन) के लिए हैं, ताकि अदालत में आपके मुकदमे के लंबित रहने के दौरान यू.एस. में आपके स्थान पर निगरानी रखी जा सके। ICE (आप्रवासन और सीमा शुल्क प्रवर्तन) संबंधी जाँच के लिए न जाने के परिणामस्वरूप ICE (आप्रवासन और सीमा शुल्क प्रवर्तन) आपको डिटेंशन सेंटर (हिरासत केंद्र) में भेज सकता है।

2. आप्रवासन न्यायालय की अपनी <u>सभी</u> पेशियों (सुनवाइयों) पर जाएँ

ये पेशियाँ (सुनवाइयाँ) यह निर्धारित करने के लिए होती हैं कि क्या आप कानूनी तौर पर यू.एस. में बने रहने में सक्षम होंगे, अथवा आपको अपने देश वापस जाना होगा। यदि आप अपनी पेशियों पर नहीं जाते, तो काफी संभावना है कि न्यायाधीश आपको देश से निकालने का आदेश दे देगा (यानी आपको अपने देश वापस भेज दिया जाएगा), क्योंकि आप अपनी सुनवाई पर नहीं पहुँचे।

मुझे आप्रवासन अदालत कब जाना होगा?

आपको आप्रवासन न्यायालय में आपकी पहली सुनवाई के बारे में दो सप्ताह के अंदर जानकारी के साथ पत्र मिलेगा। (यह पत्र आपके प्रायोजक के पते पर आना चाहिए, जो उन दस्तावेज़ों पर दिया होता है, जो आपको सीमा पर दिए गए थे।) इस बीच, **<u>1-800-898-7180</u>** पर सप्ताह में कम से कम एक बार आप्रवासन न्यायालय को फ़ोन करें - संभव है कि फ़ोन करने से आपको इस जानकारी के साथ आपको मिलने वाले पत्र से पहले ही, न्यायालय में अपनी पहली पेशी की तारीख मालूम हो जाए।

- **<u>1-800-898-7180</u>** को डायल करें। **<u>अंग्रेजी में निर्देश के लिए 1 दबाएँ (या स्पेनिश में निर्देशों के लिए 2)।</u>**
- निर्देश समाप्त होने के बाद**,** अपना A नंबर दर्ज करें।
    - जानकारी खोजने के लिए, आपको अपने नाम से नहीं, बल्कि **अपने A नंबर से** खोज करनी होगी।
    - आपका A नंबर उन दस्तावेज़ों पर दिया होता है, जो आपको सीमा पर दिए गए थे।
        - आपका A नंबर: ____
        - आपके पति/पत्नी का A नंबर (यदि वे यहाँ पर आपके साथ है): ______________________
        - आपके बच्चे/बच्चों का A नंबर(नंबर्स): ____, ____, __________________________________
- संभव है कि आपकी अदालती सुनवाई उसी तारीख को हो, जिस दिन आपके पति/पत्नी और/या आपके बच्चे/बच्चों की सुनवाई हो। लेकिन यह आवश्यक है कि आपके परिवार का प्रत्येक व्यक्ति सप्ताह में एक बार **<u>1-800-898-7180</u>** डायल करे।

यह जानकारी अपने परिवार के साथ

साझा करें

यदि मेरी पहली अदालती सुनवाई पर जाने के लिए मेरे साथ में वकील न हो तो क्या होगा?

डरें नहीं! आपके मुकदमे का फ़ैसला पहली तारीख पर नहीं होगा। आप न्यायाधीश से वकील ढूँढ़ने के लिए और अधिक समय देने का अनुरोध कर सकते है। न्यायाधीश भविष्य की तारीख पर आपकी दूसरी सुनवाई निर्धारित करेगा।

मेरे मामले में मेरी सहायता कौन कर सकता है?

नीचे उन संगठनों की सूची दी हुई है, जो आप्रवासी समुदायों की सहायता करते हैं। अपने गंतव्य पर पहुँचने के बाद, आपको इन एजेंसियों से संपर्क करना चाहिए। आपको बस यह करना है कि कुछ इस तरह बात करें:

"हैलो, मेरा नाम ___________________________है। मैं अपने बच्चे/बच्चों के साथ _______ दिनों तक सीमा पर था/थी, और मैं अपनी अदालती सुनवाई की प्रतीक्षा कर रहा/रही हूँ। मेरे कुछ प्रश्न हैं और मेरे लिए अपने आप्रवासन मामले के बारे में किसी से बात करना आवश्यक है।"

वर्तमान में कानूनी सेवाओं की काफी माँग है, इसलिए संभव है कि आपको वकील या कानूनी सहायक से मुलाकात के लिए कई सप्ताह (या इससे अधिक समय) तक प्रतीक्षा करनी पड़े। कई एजेंसियों को फ़ोन करना महत्वपूर्ण है। कृपया धैर्य रखें, और यदि आपको प्रतीक्षा-सूची में कोई स्थान दिया जाता है, तो उसे स्वीकार करें। और जब वकील या कानूनी सहायक से आपकी मुलाकात हो, तो उन्हें हर चीज़ बताकर और अपनी स्थिति के बारे में ब्योरों को साझा करके, उनके सभी प्रश्नों का उत्तर दें, भले ही बात करना असुविधाजनक हो - डरें नहीं, वे वहाँ आपकी सहायता करने के लिए ही हैं।

याद रखें कि यूनाइटेड स्टेट्स में ***Notario ["नोटरी पब्लिक"]* को वकील नहीं माना जाता।** ऐसे लोग हैं, जो खुद को इस तरह पेश करते हैं, मानो वे वकील हों, लेकिन सचमुच में वे वकील होते नहीं हैं। दूसरी ओर, ऐसे वकील भी हैं, जो वास्तव में वकील तो हैं, पर आप्रवासन कानून के विशेषज्ञ नहीं हैं। इसलिए यह बहुत महत्वपूर्ण है कि आप ऐसी एजेंसियों तक पहुँचें, जैसी नीचे सूचीबद्ध हैं और जिन्हें आप्रवासियों की सहायता करने में विशेषज्ञता प्राप्त है - ये एजेंसियाँ भरोसेमंद और उत्कृष्ट गुणवत्ता वाली हैं, और वे अपनी सेवाओं के लिए शुल्क नहीं लेती।